**Series SRQPE/C** **SET~1**

*प्रश्न-पत्र कोड* **3/6/1**

*रोल नं.*

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **7** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)

# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 40*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **7** प्रश्न हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड क** और **खण्ड ख** । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखिए ।*

*(iii) लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।*

*(iv) **खण्ड क** में कुल **3** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उप-प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*(v) **खण्ड ख** में कुल **4** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए चारों प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

## खण्ड क
## (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक)

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *4×2=8*

(क) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर फ़ादर कामिल बुल्के के व्यक्तित्व की किन्हीं दो विशेषताओं को उपयुक्त तर्कों एवं प्रसंगों की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर लिखिए कि फ़ादर बुल्के के हिन्दी-भाषा के प्रति प्रेम की गहराई देख आपके मन में कौन-से विचार उठते हैं ।

(ग) 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर लिखिए कि ट्रेन के डिब्बे में पहले से बैठे नवाब साहब ने लेखक की संगति के लिए कोई उत्साह क्यों नहीं दिखाया ? किन्हीं दो बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए ।

(घ) 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर बनी समझ के अनुसार 'नवाबी संस्कृति' और उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'उत्साह' कविता में कवि किसका आह्वान कर रहा है और क्यों ?

(ख) 'अट नहीं रही है' कविता में कवि को फागुन की आभा कैसी प्रतीत हो रही है ? कविता के आधार पर कवि के मन के भावों को स्पष्ट कीजिए ।

(ग) इस सत्र में पढ़ी कौन-सी कविता समाज में स्त्रियों के प्रति प्रचलित प्रथा की ओर न सिर्फ़ इशारा करती है बल्कि उसे बदलने की प्रेरणा भी देती है ? कविता के नाम के साथ इस बात को सिद्ध करते हुए तर्क भी दीजिए ।

(घ) 'कन्यादान' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए ।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'साना-साना हाथ जोड़ि...' पाठ में किस जगह की तुलना स्विट्ज़रलैंड से की गई है ? वहाँ की प्राकृतिक सुंदरता का वर्णन कीजिए ।

(ख) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ में वर्णित मीडिया की स्थिति की तुलना आज के मीडिया से करते हुए बताइए कि आज स्थिति बेहतर हुई है या बदतर । अपने उत्तर के लिए उपयुक्त तर्क दीजिए ।

(ग) 'माता का अँचल' पाठ पढ़ते हुए आपको अपने बचपन की कौन-कौन सी स्मृतियाँ कौंधती हैं ? क्या उनमें और भोलानाथ के बचपन में कोई समानता है ? है तो कौन-सी ? नहीं तो क्यों ?

## खण्ड ख
## (रचनात्मक लेखन)

4. निम्नलिखित विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *1×5=5*

(क) मनोरंजन का बदलता स्वरूप
- मनोरंजन की आवश्यकता
- मनोरंजन के पारंपरिक साधन
- मनोरंजन के आधुनिक साधन
- आधुनिक साधनों के लाभ-हानि

(ख) शिक्षक और विद्यार्थी का संबंध
- शिक्षा के लिए दोनों के बीच के संबंधों की एक स्वस्थ परंपरा
- वर्तमान समय में आया अंतर
- ऑनलाइन शिक्षण के दौरान हुए बदलाव
- हमारा निजी अनुभव

(ग) शारीरिक श्रम : सबके लिए ज़रूरी
- शारीरिक श्रम का अर्थ
- मानसिक श्रम और सामाजिक श्रम के बीच का अंतर
- सबको शारीरिक श्रम क्यों करना चाहिए ?
- इसके लाभ

5. (क) विदेश में रहने वाले अपने मित्र को भारतीय पर्वों की विशेषताएँ बताते हुए लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) केंद्रीय विद्यालय, कानपुर में नि:शुल्क टीकाकरण (कोविड) की व्यवस्था की गई जिसमें क्षेत्र के 15 – 18 वर्ष तक के बच्चों को टीका लगाया गया । इसकी जानकारी देते हुए किसी दैनिक हिन्दी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । *5*

**6.** (i) (क) आप एक प्रकाशक हैं और आपके यहाँ से छपी नयी 'बेस्ट-सेलर' पुस्तक का नया संस्करण आ रहा है । उसके प्रचार-प्रसार और बिक्री के लिए लगभग 50 शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) एक कला-प्रदर्शनी के आयोजक की ओर से प्रदर्शनी की सूचना देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

(ii) (क) 'स्टेट बैंक ऑफ इंडिया' की ओर से एक जनहितकारी विज्ञापन तैयार कीजिए जिसके द्वारा ग्राहकों को ऑनलाइन ठगी आदि से सावधान किया गया है । इसे लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) आपने मसूरी में एक होटल खोला है । उसके लिए कर्मचारियों — मैनेजर, बेयरे, कुक, आदि की आवश्यकता के लिए अख़बार में छपवाने के लिए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**7.** (i) (क) आपका मित्र पर्वतारोहियों के एक दल के लिए चुना गया है जो इस वर्ष गर्मी में एवरेस्ट की चढ़ाई करेगा । उसे बधाई और शुभकामना देते हुए लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) आपके माता-पिता की बीसवीं शादी की सालगिरह है । उनके लिए लगभग 40 शब्दों में एक शुभकामना और बधाई संदेश लिखिए । $2\frac{1}{2}$

(ii) (क) देश के प्रधान मंत्री की ओर से महात्मा गाँधी की जन्मतिथि पर देशवासियों को सत्य, अहिंसा और आचरण की शुद्धता के पालन का संदेश लगभग 40 शब्दों में दीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) विद्यालय के कप्तान की ओर से अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिता में जीतने के बाद फुटबॉल टीम को बधाई संदेश दीजिए । इसे लगभग 40 शब्दों में लिखिए । $2\frac{1}{2}$

**Series SRQPE/C** **SET~2**

*प्रश्न-पत्र कोड* **3/6/2**

*रोल नं.*

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **7** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)

# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 40*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **7** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड क** और **खण्ड ख** । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखिए ।*

*(iii)* *लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।*

*(iv)* ***खण्ड क** में कुल **3** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उप-प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*(v)* ***खण्ड ख** में कुल **4** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए चारों प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

## खण्ड क
## (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक)

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *4×2=8*

(क) 'लखनवी अंदाज़' पाठ में नवाब साहब ने लेखक से संगति के लिए क्यों उत्साह नहीं दिखाया ? किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख कीजिए ।

(ख) 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर बनी समझ के अनुसार 'नवाबी संस्कृति' और उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

(ग) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर फ़ादर कामिल बुल्के के व्यक्तित्व की किन्हीं दो विशेषताओं को उपयुक्त तर्कों एवं प्रसंगों की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।

(घ) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर लिखिए कि फ़ादर बुल्के के हिन्दी-भाषा के प्रति प्रेम की गहराई देख आपके मन में कौन-से विचार उठते हैं ।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'उत्साह' कविता के अनुसार विश्व के सकल जन क्यों पीड़ित हैं ? उनकी पीड़ा दूर करने के लिए कवि किससे क्या आग्रह कर रहा है ?

(ख) 'अट नहीं रही है' कविता में कवि को फागुन की आभा कैसी प्रतीत हो रही है ? कविता के आधार पर कवि के मन के भावों को स्पष्ट कीजिए ।

(ग) इस सत्र में पढ़ी कौन-सी कविता समाज में स्त्रियों के प्रति प्रचलित प्रथा की ओर न सिर्फ़ इशारा करती है बल्कि उसे बदलने की प्रेरणा भी देती है ? कविता के नाम के साथ इस बात को सिद्ध करते हुए तर्क भी दीजिए ।

(घ) 'कन्यादान' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए ।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'साना-साना हाथ जोड़ि...' पाठ में लेखिका की मुलाकात फ़ौजी से कहाँ पर हुई ? देश की सुरक्षा के लिए सैनिक किन कठिनाइयों से जूझते हैं ? उनके प्रति एक आम नागरिक का क्या कर्तव्य होना चाहिए ?

(ख) 'माता का अँचल' पाठ पढ़ते हुए आपको अपने बचपन की कौन-कौन सी स्मृतियाँ कौंधती हैं ? क्या उनमें और भोलानाथ के बचपन में कोई समानता है ? है तो कौन-सी ? नहीं तो क्यों ?

(ग) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ में वर्णित मीडिया की स्थिति की तुलना आज के मीडिया से करते हुए बताइए कि आज स्थिति बेहतर हुई है या बदतर । अपने उत्तर के लिए उपयुक्त तर्क दीजिए ।

## खण्ड ख
## (रचनात्मक लेखन)

**4.** निम्नलिखित विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *1×5=5*

(क) पर्यटन का महत्त्व
- पर्यटन का अर्थ
- पर्यटन की ज़रूरत
- हमारे व्यक्तित्व निर्माण में उसकी भूमिका
- देश-समाज को समझने के लिए पर्यटन की आवश्यकता

(ख) स्त्री-शिक्षा : वर्तमान और भविष्य
- स्त्री-शिक्षा की ज़रूरत
- देश में स्त्रियों की शिक्षा की वर्तमान अवस्था
- भविष्य में बेहतरी के लिए प्रयास

(ग) कसरत और योगाभ्यास : एक जीवन-शैली
- कसरत और योगाभ्यास क्या है ?
- जीवन-शैली में इसे शामिल करने की आवश्यकता
- लाभ

**5.** (क) विदेश में रहने वाले अपने मित्र को भारतीय पर्वों की विशेषताएँ बताते हुए लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) केंद्रीय विद्यालय, कानपुर में नि:शुल्क टीकाकरण (कोविड) की व्यवस्था की गई जिसमें क्षेत्र के 15 – 18 वर्ष तक के बच्चों को टीका लगाया गया । इसकी जानकारी देते हुए किसी दैनिक हिन्दी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । *5*

**6.** (i) (क) आप एक प्रकाशक हैं और आपके यहाँ से छपी नयी 'बेस्ट-सेलर' पुस्तक का नया संस्करण आ रहा है । उसके प्रचार-प्रसार और बिक्री के लिए लगभग 50 शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) एक कला-प्रदर्शनी के आयोजक की ओर से प्रदर्शनी की सूचना देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

(ii) (क) 'स्टेट बैंक ऑफ इंडिया' की ओर से एक जनहितकारी विज्ञापन तैयार कीजिए जिसके द्वारा ग्राहकों को ऑनलाइन ठगी आदि से सावधान किया गया है । इसे लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) आपने मसूरी में एक होटल खोला है । उसके लिए कर्मचारियों — मैनेजर, बेयरे, कुक, आदि की आवश्यकता के लिए अख़बार में छपवाने के लिए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**7.** (i) (क) आपका मित्र पर्वतारोहियों के एक दल के लिए चुना गया है जो इस वर्ष गर्मी में एवरेस्ट की चढ़ाई करेगा । उसे बधाई और शुभकामना देते हुए लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) आपके माता-पिता की बीसवीं शादी की सालगिरह है । उनके लिए लगभग 40 शब्दों में एक शुभकामना और बधाई संदेश लिखिए । $2\frac{1}{2}$

(ii) (क) देश के प्रधान मंत्री की ओर से महात्मा गाँधी की जन्मतिथि पर देशवासियों को सत्य, अहिंसा और आचरण की शुद्धता के पालन का संदेश लगभग 40 शब्दों में दीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) विद्यालय के कप्तान की ओर से अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिता में जीतने के बाद फुटबॉल टीम को बधाई संदेश दीजिए । इसे लगभग 40 शब्दों में लिखिए । $2\frac{1}{2}$

**Series SRQPE/C** **SET~3**

*प्रश्न-पत्र कोड* **3/6/3**

रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **7** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)

# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 40*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **7** प्रश्न हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड क** और **खण्ड ख** । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखिए ।*

*(iii) लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।*

*(iv) **खण्ड क** में कुल **3** प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उप-प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*(v) **खण्ड ख** में कुल **4** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए चारों प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

## खण्ड क
## (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक)

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *4×2=8*

(क) 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर बनी समझ के अनुसार 'नवाबी संस्कृति' और उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

(ख) 'लखनवी अंदाज़' पाठ में डिब्बे में जाने पर लेखक ने क्या देखा और अनुभव किया ? प्रतिक्रिया स्वरूप लेखक का व्यवहार कैसा रहा ?

(ग) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर लिखिए कि फ़ादर बुल्के के हिन्दी-भाषा के प्रति प्रेम की गहराई देख आपके मन में कौन-से विचार उठते हैं ।

(घ) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर फ़ादर कामिल बुल्के के व्यक्तित्व की किन्हीं दो विशेषताओं को उपयुक्त तर्कों एवं प्रसंगों की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'उत्साह' कविता में बादल किसकी आकांक्षा पूरी करने वाले हैं ? उनकी वर्तमान स्थिति क्या है ?

(ख) इस सत्र में पढ़ी कौन-सी कविता समाज में स्त्रियों के प्रति प्रचलित प्रथा की ओर न सिर्फ़ इशारा करती है बल्कि उसे बदलने की प्रेरणा भी देती है ? कविता के नाम के साथ इस बात को सिद्ध करते हुए तर्क भी दीजिए ।

(ग) 'कन्यादान' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए ।

(घ) 'अट नहीं रही है' कविता में कवि को फागुन की आभा कैसी प्रतीत हो रही है ? कविता के आधार पर कवि के मन के भावों को स्पष्ट कीजिए ।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ में वर्णित मीडिया की स्थिति की तुलना आज के मीडिया से करते हुए बताइए कि आज स्थिति बेहतर हुई है या बदतर । अपने उत्तर के लिए उपयुक्त तर्क दीजिए ।

(ख) 'माता का अँचल' पाठ पढ़ते हुए आपको अपने बचपन की कौन-कौन सी स्मृतियाँ कौंधती हैं ? क्या उनमें और भोलानाथ के बचपन में कोई समानता है ? है तो कौन-सी ? नहीं तो क्यों ?

(ग) 'साना-साना हाथ जोड़ि...' पाठ में "कितना कम लेकर ये समाज को कितना अधिक लौटा देती हैं" । पंक्ति का उल्लेख समाज के किस वर्ग के लिए हुआ है ? इस वर्ग के द्वारा देश के प्रति किए जा रहे योगदान पर एक टिप्पणी कीजिए ।

## खण्ड ख
## (रचनात्मक लेखन)

**4.** निम्नलिखित विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *1×5=5*

(क) शहरी जीवन : कल्पना और यथार्थ
- शहरी जीवन की कल्पना; सफाई, सुंदरता, आदि की कल्पना और वास्तविक स्थिति
- शहर और गाँव के जीवन में अन्तर
- शहर में रहने के लाभ एवं हानि

(ख) तकनीक पर हमारी निर्भरता
- तकनीक का जीवन में स्थान
- उसके लाभ
- उस पर आश्रय के नुकसान

(ग) ऑनलाइन गेमिंग का बढ़ता जाल
- ऑनलाइन गेमिंग क्या है ?
- बच्चों और किशोरों पर बढ़ती पकड़
- वास्तविक खेलों एवं ऑनलाइन गेमिंग में अंतर
- ऑनलाइन गेमिंग के दीर्घकालिक नुकसान

**5.** (क) विदेश में रहने वाले अपने मित्र को भारतीय पर्वों की विशेषताएँ बताते हुए लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) केंद्रीय विद्यालय, कानपुर में नि:शुल्क टीकाकरण (कोविड) की व्यवस्था की गई जिसमें क्षेत्र के 15 – 18 वर्ष तक के बच्चों को टीका लगाया गया । इसकी जानकारी देते हुए किसी दैनिक हिन्दी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । *5*

**6.** (i) (क) आप एक प्रकाशक हैं और आपके यहाँ से छपी नयी 'बेस्ट-सेलर' पुस्तक का नया संस्करण आ रहा है । उसके प्रचार-प्रसार और बिक्री के लिए लगभग 50 शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) एक कला-प्रदर्शनी के आयोजक की ओर से प्रदर्शनी की सूचना देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

(ii) (क) 'स्टेट बैंक ऑफ इंडिया' की ओर से एक जनहितकारी विज्ञापन तैयार कीजिए जिसके द्वारा ग्राहकों को ऑनलाइन ठगी आदि से सावधान किया गया है । इसे लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) आपने मसूरी में एक होटल खोला है । उसके लिए कर्मचारियों — मैनेजर, बेयरे, कुक, आदि की आवश्यकता के लिए अख़बार में छपवाने के लिए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । $2\frac{1}{2}$

**7.** (i) (क) आपका मित्र पर्वतारोहियों के एक दल के लिए चुना गया है जो इस वर्ष गर्मी में एवरेस्ट की चढ़ाई करेगा । उसे बधाई और शुभकामना देते हुए लगभग 40 शब्दों में संदेश लिखिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) आपके माता-पिता की बीसवीं शादी की सालगिरह है । उनके लिए लगभग 40 शब्दों में एक शुभकामना और बधाई संदेश लिखिए । $2\frac{1}{2}$

(ii) (क) देश के प्रधान मंत्री की ओर से महात्मा गाँधी की जन्मतिथि पर देशवासियों को सत्य, अहिंसा और आचरण की शुद्धता के पालन का संदेश लगभग 40 शब्दों में दीजिए । $2\frac{1}{2}$

**अथवा**

(ख) विद्यालय के कप्तान की ओर से अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिता में जीतने के बाद फुटबॉल टीम को बधाई संदेश दीजिए । इसे लगभग 40 शब्दों में लिखिए । $2\frac{1}{2}$